कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक
इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना कोटा (IRGY-URBAN)
कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज०)
प्रशासनिक भवन, राजीव-गांधी भवन,दशहरा मैदान, कोटा (राज०)
ई-मेल :- nnkota@gmail.com, website :- www.kotamc.org, Pincode :- 324009

क्रमांक :- ननिको(उ.)/ IRGY-URBAN प्रकोष्ठ / 2022-23/2307-14 दिनांक :-15/9/2022

## -:: विज्ञप्ति ::-

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जाने वाली इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-URBAN) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबंधन हेतु स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के आदेश क्रमांक एस्टे/एम/एफ 10( )/RSM(टी.)/डीएलबी/ 2022/3692-4573 दिनांक 31.05.2022 एवं पत्रांक एफ 10 (छ) भ.आ./डीएलबी/2022/287-319 दिनांक 05.07.2022 द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में कार्मिक विभाग की अधिसूचना एफ 17(4)डीओपी/ए-2/2014 दिनांक 11.01.2022 में किये गये प्रावधानों के तहत् नगर निगम कोटा उत्तर एवं नगर निगम कोटा दक्षिण एवं जिले की नगर पालिका रामगंजमण्डी, नगर पालिका सांगोद, नगर पालिका कैथून, नगर पालिका सुल्तानपुर एवं नगर पालिका इटावा हेतु क्रमशः लेखा सहायक, शहरी रोजगार सहायक, एम.आई.एस. मैनेजर निम्नांकित स्वीकृत पदों की सेवाऐं संविदा पर लिये जाने हेतु इस कार्यालय से जारी विज्ञप्ति क्रमांक ननिको(उ.)/IRGY प्रकोष्ठ/2022-23/110 दिनांक 08.06.2022 एवं विज्ञप्ति क्रमांक ननिको(उ.)/IRGYप्रकोष्ठ/2022-23/5081-86 दिनांक 15.07.2022 के माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थियों से संविदा पदवार आवेदन आमंत्रित किये गये थे। राज्य सरकार की स्वीकृति की पालना में इन विज्ञप्तियों के अनुसार संविदा पदवार शैक्षणिक योग्यता पदों की संख्या एवं मासिक मानदेय निम्न प्रकार से निर्धारित है :-

| क्र.सं. | पदनाम | योग्यता | नियोजन का प्रकार एवं मासिक मानेदय | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लेखा सहायक | बी.कॉम/सीए इन्टरमिडियेट (आईपीसी) /I.C.W.A. (इन्टर)/ कम्पनी सेक्रेटरी उत्तीण | पूर्णता संविदा के आधार पर रूपये 12,000/- प्रतिमाह | 11 |
| 2. | M.I.S. मैनेजर | BCA | पूर्णता संविदा के आधार पर रूपये 12,000/- प्रतिमाह | 11 |
| 3. | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक + RSCIT कोर्स उत्तीर्ण | पूर्णता संविदा के आधार पर रूपये 7,500/- प्रतिमाह | 24 |

उपरोक्तानुसार क्रम संख्या 01, 02, 03 में वर्णित विज्ञप्ति संविदा पदों के लिये प्राप्त आवेदनों के क्रम में निर्धारित योग्यताधारी अभ्यार्थियों के वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर तैयार की गई अस्थाई वरिष्ठता सूची में सम्मिलित में से विज्ञापित संविदा पदों के विरूद्ध श्रेणीवार 02 गुणा अभ्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन हेतु योग्य अभ्यार्थियों की सूची कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.kotamc.org ऑनलाईन अपलोड/जारी अस्थाई वरीयता सूची में सम्मिलित अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन हेतु निम्न निर्धारित तिथियों एवं निर्धारित समय पर शैक्षिक/प्रशैक्षिक व अन्य आवश्यक दस्तावेज यथा जन्मतिथि हेतु सैकेण्ड्री की अंकतालिका आदि समस्त दस्तावेज की मूल एवं एक-एक सत्यापित प्रति सहित कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक-ए के सभागार में आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करावें। दस्तावेज सत्यापन हेतु संविदा पदवार निर्धारित तिथियों एवं निर्धारित समय का कार्यक्रम निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | संविदा पद का पदनाम | दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि एवं समय योग्यता | दस्तावेज सत्यापन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा सहायक | दिनांक 16.09.2022 से दिनांक 20.09.2022 को कार्यदिवसों में समय प्रातः 11:00 से सांयकाल 5:00 बजे तक | नगर निगम कोटा उत्तर के ए-ब्लॉक के प्रथम तल पर स्थित मीटिंग हॉल में |
| 2. | M.I.S. मैनेजर | | |
| 3. | शहरी रोजगार सहायक | | |

कनिष्ठ तकनीकी सहायकों के संविदा पदों की विज्ञप्ति पृथक से जारी की जावेगी।

2. दस्तावेज सत्यापन हेतु जारी अस्थाई वरिष्ठता सूची किसी भी अभ्यार्थी के चयन/नियुक्ति/ पात्रता का आधार नहीं होगी।
3. उक्त निर्धारित तिथियों को दस्तावेजों के सत्यापन से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन का पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।
4. उक्त निर्धारित तिथियों व निर्धारित समय के पश्चात् उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया जावेगा।
5. किसी भी अभ्यार्थी के दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रथम सूचना/पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा। इससे समाचार पत्र/नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.kotamc.org, nnkota@gmail.com के माध्यम से प्रसारित सूचना के आधार पर ही अभ्यार्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु संविदा के पदों के वर्गीकरण अनुसार स्वीकृत पदों की संख्या से दोगुना की संख्या में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
6. किसी भी अभ्यार्थी को दस्तावेज सत्यापन हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. नियमानुसार एवं विभागीय दिशा–निर्देशानुसार विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/प्रशैक्षणिक योग्यता के अनुसार पात्र पाये गये अभ्यार्थियों की पात्रता अंतिम वरिष्ठता सूची पृथक से जारी की जावेगी।
8. इस विज्ञप्ति के माध्यम से संविदा पदों की जारी की जा रही अस्थाई वरिष्ठता सूची के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-URBAN) का निर्णय अंतिम होगा।
9. इस विज्ञप्ति के द्वारा जारी संविदा पदों की सम्पूर्ण अस्थाई वरीयता सूचियों के संबंध में किसी अभ्यार्थी को आपत्ति हो तो दिनांक 16.09.2022 को कार्यालय समय में अपनी आपत्ति अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर कमरा नम्बर 313/आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**सदस्य सचिव**
**इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना कोटा**

आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर

क्रमांक :– ननिको(उ.)/ **IRGY** प्रकोष्ठ /2022–23/2307-14 दिनांक :– 15/9/2022

प्रतिलिपि :– **निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।**

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, स्वायत्त शासन विभाग जयपुर को उनके उपरोक्त वर्णित पत्रों के क्रम में सूचनार्थ प्रस्तुत है।
2. श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-URBAN) कोटा।
3. अति. आयुक्त, नगर निगम कोटा उत्तर।
4. प्रभारी अधिकारी(IRGY-URBAN) कोटा।
5. प्रभारी पुस्तकाल/जिला परियोजना सम्पर्क अधिकारी को प्रेषित कर लेख है कि एक राज्य स्तरीय समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
6. मैसर्स ओसवाल डाटा प्रोसेसर नगर निगम की उक्त वर्णित वेबसाईट पर सूचना अपलोड करावें।
7. अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी, नगर पालिका इटावा, नगर पालिका सुल्तानपुर, नगर पालिका सांगोद, नगर पालिका कैथून।
8. गार्ड फाईल।

सदस्य सचिव
इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना कोटा

आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर